

एक नजर में

## तिरला चौकी पर शांति समिति की बैठक



**सरदारपुर .** आगामी त्यौहारों को लेकर भगोरिया होली, बैठक में राजगढ़ थाना प्रभारी श्री समीर जी पाटीदार एवं तिरला चौकी प्रभारी सैयद खान जी एवं पूरी पुलिस बल टीम एवं भाजपा परिवार के सभी वरिष्ठ श्रेष्ठ ज्येष्ठ कार्यकर्ता के साथ उपस्थित हुआ रिंगनोद भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष जैन ने भी अपने विचार रखे शांतिपूर्ण सद्भावना के साथ अपने त्यौहार मनाए भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एव नागरिक एवं पुलिस वालों का किया सम्मान, नागरिकों से संवाद किया। कार्यक्रम पश्चात भाजपा परिवार द्वारा नई कार्यकारिणी टीम ने स्वागत किया, टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की

## किसान संघ बदनावर की बैठक मंडी विश्राम गृह में संपन्न



**बदनावर ।** मालवा प्रान्त सहसंगठन मंत्री दिनेश शर्मा ,जिला अध्यक्ष यशवंत मुकाती ,अमोल पाटीदार जिला मंत्री ,रणजीत पाटीदार जिला उपाध्यक्ष, कालुसिंह राठौर तेसिल अध्यक्ष बदनावर ,रमेश दाडवी रितेश पाटीदार और बड़ी संख्या में किसान मोजुद थे। संगठन के विस्तार के लिए कार्य योजना बनाई गई साथ ही किसने की समस्याओं पर भी चर्चा की गई बदनावर तहसील में कृषि उपज मंडी में 10टन इलेक्ट्रॉनिक कांटा अनिवार्य रूप से लगाए जावे, और किसानो की उपज इसी पर तुलाई हो और घोड़ा रोज़ कि समास्या को लेकर चर्चा कि अगर घोड़ा रोज़ की समस्या का समाधान नहीं होता है तो 1 में से पुर तहसील में आंदोलन किया जाएगा।, गेहूं पंजीयन में किसने की पंजीयन नहीं हो रहा है इसका सबसे बड़ा कारण है किसने की गिरदावरी नहीं की गई पटवारी और पटवारी के सहायक में उसे जल्द से जल्द करवाया जाए जिससे किसान पंजीयन कर पाएगा, मां नर्मदा का सिंचाई बदनावर तहसील में पाइप लाइन डाली जा रही है उसका काम धीमा चल रहा है उसे पर तीव्रता आना चाहिए नहीं तो भारतीय किसान संघ तहसील में एक बड़ा आंदोलन करेगा।

## अमन पांडे भारतीय पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष नियुक्त



**बदनावर ।** भारतीय पत्रकार संघ एआईजे ने संगठन का विस्तार करते हुए बदनावर तहसील के नागदा निवासी व नव भारत संवाददाता अमन पाण्डे संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व की अनुशंसा पर श्री पाण्डे को ढ्ढछ्व युवा विंग का धार जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उनकी इस नियुक्ति की घोषणा धार जिलाध्यक्ष (युवा विंग) आदित्यराज धाक ? द्वारा की गई। अमन पाण्डे वरिष्ठ पत्रकार स्व शीतल प्रसाद पांडेय के पुत्र एवं उनकी कार्यक्षमता और पत्रकारिता के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें इस पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन को उम्मीद है कि वे जिले में युवा पत्रकारों को जो ?कर संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे।

## राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ



इंदौर. महाराजा रणजीत सिंह महाविद्यालय, इंदौर को म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग (पुरुष/महिला) बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। उक्त प्रतियोगिता महाविद्यालय के तत्वावधान में श्रीराम जिम्नेशियम रोबोट स्क्वायर के पास आयोजित की जा रही है. स्पर्धा का शुभारंभ सावन सोनकर, कैबिनेट मंत्री दर्जा, अध्यक्ष, म. प्र. राज्य सहकारी अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम मर्यादित, दिनेश पालीवाल सचिव मध्य प्रदेश वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग ऐसीशिएशन, सीबी होलकर इंदौर संभाग के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी, विमल प्रजापत, राष्ट्रीय निर्णायक वेटलिफ्टिंग, दविंदर सिंह खनूजा राष्ट्रीय निर्णायक वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ. सभी अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एवं स्पर्धा के अपर संगठन सचिव डॉ. निलेश मंडलोई, कॉलेज के क्रीड़ा समन्वयक डॉ. मितेश चौधरी, प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. प्रदीप पूरे, डॉ. लाल कुमार, डॉ. शिफा गोयल, डॉ.दीप्ति बड़जातिया, डॉ. दीपक शर्मा के द्वारा किया गया. स्पर्धा के प्रथम दिवस में वेट लिफ्टिंग (महिला/पुरुष) एवं बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता आयोजित की गई. निर्णायक के रूप में संजय कराडे, जितेंद्र स्वामी, मनीष लश्करी, आदित्य जोशी, नरेन्द्र पाटीदार, दिलीप वर्मा, श्री संजीव राजदान, मीरा राजदान, रेखा अग्रवाल के द्वारा किया गया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई ने बताया कि इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के 9 परंपरागत विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं, जिसमें लगभग 110 खिलाड़ियों की प्रविष्टि प्राप्त हुई है. स्पर्धा का संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. गीता सुरी के द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. पुष्पेंद्र दुबे के द्वारा माना गया. इस स्पर्धा की आयोजन शासन से प्राप्त उच्च शिक्षा की खेलकूद मार्गदर्शिका के अनुसार किया जा रहा है.

## भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना आवश्यक

**इंदौर .** दिव्य शक्तिपीठ परिसर, रेडिसन चौराहे के समीप आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का सर्वकल्याण की कामना के साथ समापन हुआ. कथा के समापन अवसर पर विधिवत हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया . संत मदनमोहन दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मा को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्त करने हेतु भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना आवश्यक है . हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल की शुद्धि होती है, जिससे व्यक्ति को आत्मिक शक्ति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है . इस अवसर पर डॉ . निशांत खरे ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली आध्यात्मिक चेतना है . भागवत कथा मनुष्य को सत्य, धर्म, सेवा, सदाचार और मानवता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है . ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार एवं पारिवारिक एकता को सुदृढ़ करते हैं .

# मौसम का कहर किसानों पर बरपा ,फसलों को नुकसान

### जिला कृषि अधिकारी ने कार्यालय में बैठकर दिया ज्ञान . . .नहीं हुआ नुकसान

**संजय बाजपेई**

**धार । बुधवार रात को अचानक आए आंधी तूफान ने किसानों पर कहर बरपा दिया कई स्थानों पर गेहूं की फसलों को नुकसान हुआ।**

**वहीं कई स्थानों पर खुले में सूखने के रखी लहसुन की फसल भी गिली होकर खराब होने की कगार पर पहुंच गई अचानक मौसम में आए बदलाव से आसमान से तो पानी टपक ही साथ ही किसानो की आंखों से भी पानी बह निकाला तेज आंधी तूफान एवं बारिश से गेहूं की फसल खेत में ही लेट गई जिस वजह से जिन पौधों में अभी दाने ठीक से नहीं आए थे अब उसमें दाने नहीं आएंगे वहीं जिन पौधों में गेहूं के दाने आ चुके थे अब उसे काटने में भी दिक्कत होगी वहीं कुछ किसानों ने लहसुन की फसल निकालकर सूखने के लिए खेत में ही छोड़ दी थी वह भी गीली हो चुकी है जिस कारण अब उस लहसुन की कीमत कम हो जाएगी**



जहां एक और किसानों पर मौसम में कहर बरपा दिया किसानों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा किसानों का दुख उस वक्त और बढ़ गया जब जिला कृषि अधिकारी ज्ञान सिंह ने अपने कार्यालय में बैठे-बैठे ज्ञान दे दिया कि कोई फसल खराब नहीं हुई ज्ञान सिंह ने ऐसा कहकर किसानों के घाव पर नमक छिड़कने का काम किया सरकार मोटी पगार दे रही है वातानुकूलित कार्यालय दिया है बंगला दिया है और भी कई सुविधा दी गई है ताकि यह किसानों के हित के लिए कार्य कर सकें ग्रामीण क्षेत्र में जाकर किसानों के हाल-चाल जान सके इसके लिए सरकार ने वाहन भी दिया है लेकिन जब ऐसा मौका आता है कि पीड़ित किसानों के सम्मुख पहुंचकर उनकी पीड़ा सुनी जाए एवं उनकी समस्या का समाधान किया जाए तो किसानों के पास जाने की बजाय



कृषि अधिकारी ज्ञान सिंह मोहनिया अपने कार्यालय में बैठकर ही ज्ञान बाट देते हैं ।

ऐसा ही कुछ गुरुवार को भी देखने को मिला जब कृषि अधिकारी ज्ञान सिंह मोहनिया से पत्रकारों ने आंधी तूफान से खराब हुई फसल के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि कोई फसल को नुकसान नहीं हुआ जबकि किसानों ने कैमरे के सामने यह कहा है कि उनकी फसल को नुकसान हुआ है जिसके वीडियो फोटो भी हमने कैद किए हैं लेकिन पीड़ित किसानों को झूठा साबित करने का प्रयास करते हुए ज्ञान सिंह मोहनिया ने अपना ही ज्ञान बांट दिया जिससे किसानों में आक्रोश फैल रहा है अब देखना यह है कि सरकार भी पीड़ित किसानों की पीड़ा महसूस करती है या फिर ज्ञान सिंह के ज्ञान में आकर किसानों की मांग को अनदेखी की जाती है।

# प्रदेश बजट हर वर्ग के लिए लाभकारी :महंत निलेश भारती

▶ समृद्ध, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश का बजट 2026-27



**धार - देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में प्रस्तुत किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने इसे जनहित और सर्वसमाज विकास, महिला, किसान और युवा-केंद्रित बजट बताते हुए स्वागत किया।**

महंत निलेश भारती ने बताया कि इस बजट में कुल 4,38,317 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह प्रदेश का पहला रोलिंग बजट है जो अगले तीन वर्षों के लिए रोडमैप तैयार करता है। सरकार ने इसे डिजिटल, पारदर्शी और जनता-केंद्रित बताते हुए, प्रत्येक वर्ग ङ्क किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों ङ्क पर विशेष ध्यान दिया है। लगातार तीसरी बार कोई नया कर नहीं बढ़ाया गया है।

उन्होंने कहा कि बजट में किसान कल्याण वर्ष 2026 घोषित किया गया। किसानों के लिए 25,000 करोड़ का कृषि ऋण वितरण का लक्ष्य तय किया गया है। 1 लाख सोलर पंप वितरित किए जाएंगे, जिससे बिजली बिना लागत सिंचाई संभव होगी। किसान कल्याण योजना के लिए 5,500 करोड़ का प्रावधान किया गया, जिसमें फसल बीमा, ब्याज-मुक्त ऋण और अन्य सहायता शामिल है। फसल बीमा के लिए अलग से 1,299 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने वाला है। महिलाओं और गरीबों के लिए समर्पित योजनाओं के तहत लाड़ली बहना योजना, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा पर विशेष ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही ग्रामीण और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने कहा कि समृद्ध, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश के सपने को साकार करने वाला यह बजट प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन और राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों का प्रतिबिंब है। मध्यप्रदेश सरकार का यह जनहितकारी बजट सर्व समाज के लिए सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत भारती ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# गांव का विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता : मुवेल



**मनावर.** जनपद पंचायत मनावर के ग्राम पंचायत कवठी में जनपद पंचायत निधि द्वारा श्रीअंबिका मंदिर पुनर्वास स्थल ग्राम कवटी मंदिर प्रांगण मे जनपद पंचायत निधि से 4 चार लाख रुपए लागत से चबूतरे निर्माण का भूमि पूजन मनावर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि मुवेल , जनपद प्रतिनिधि श्रीमती भगवती जाट,सरपंच भेरुजी वास्केल सचिव नगेंद्र पँवार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर, भाजपा के युवा नेता नवीन कवटी के मुख्य अतिथि में चबूतरा निर्माण का भूमि पूजन पंडित बिल्लोरे द्वारा किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा मां अंबे जी के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया मुख्य अतिथि मनावर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि मुवेल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ग्रामों के विकास को लेकर हमेशा तत्पर है हमारी पहली बात प्राथमिकता ग्रामों की चहु और विकास करना है इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ बाबुसिंह दरबार, एवं नवीन कवटी ने ग्राम के मुख्य समस्या से अवगत कराते हुए गांव के मुख्य मार्ग सीसी रोड निर्माण की मांग मनावर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि से मांग कि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा गांव की ज्वलंत समस्या को सुन तत्काल मुख्य मार्ग का अवलोकन कर जल्द ही मुख्य मार्ग का सीसी रोड बनाने की स्वीकृति देने की बात कही इस अवसर पर श्याम जाट ग्राम से राजू कुशवाह सुनील,सोहन वास्केल राहुल कुशवाह प्रवीण दास बैरागी सावन जाट आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित हुए... !



# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की

**धार . मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन अनुराग जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। बैठक में राज्य शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं तथा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जिलेवार समीक्षा की गई।**

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने, एकल नल-जल योजनाओं का क्रियान्वयन कर समारोहपूर्वक ग्राम पंचायतों को हस्तांतरण करने तथा संचालन हेतु पंचायतों को सक्षम बनाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही लखपति दीदी योजना के अंतर्गत बैंक ऋण वितरण के लक्ष्यों की पूर्ति एवं वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत निरस्त दावों का पुन: परीक्षण अभियान स्वरुप में करने के निर्देश दिए गए।

शिक्षा विभाग (स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य) की समीक्षा करते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र में नामांकन वृद्धि एवं ड्रॉपआउट में कमी लाने हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। कक्षा 1 में प्रवेश की तैयारी, 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का आंगनवाड़ी अथवा प्री-प्राइमरी में प्रवेश सुनिश्चित करने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के समीप कक्षा 1 संचालित शासकीय शालाओं में कोलोकेशन की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार 8 मार्च 2026 तक सभी स्कूलों में क्रियाशील बालिका शौचालय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

रोजगार, उद्योग एवं निवेश से संबंधित विभागों की समीक्षा में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत ऋण प्रकरणों की प्रगति, एक जिला एक उत्पाद योजना तथा जिला व्यापार सुधार कार्य योजना पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

सुशासन की समीक्षा में मुख्य सचिव ने कृषक कल्याण वर्ष एवं संकल्प से समाधान अभियान को शासन की प्राथमिकता बताते हुए इनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा तथा द्बह्लह्व पोर्टल पर सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त संवेदनशील बस्तियों का जोनल प्लान तैयार करने, इमरजेंसी वाहनों के सुगम आवागमन की व्यवस्था, एनसीओआरडी की जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठकें, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों में राहत राशि का समय पर भुगतान, जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा ब्लैक स्पॉट सुधार, नवीन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन, साइबर अपराध नियंत्रण तथा शस्त्र लाइसेंस आवेदनों को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से करने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पाण्डेय सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

**इंदौर.** मोहन सरकार अब अंग्रेजों के जमाने को याद दिला रही है. आज किसान की हालत यह है कि उनकी निजी जमीनें बड़े-बड़े उद्योगपतियों को बेची जा रही हैं. इसी के चलते अब किसान आरपार की लड़ाई के मूड में आ गए हैं. बरलाई शुगर मिल से जुड़ी किसानों की भूमि के मुद्दे को लेकर बुधवार को सांवेर एसडीएम कार्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा.

प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व प्रदेश सचिव विजय राठौर 'बंटी' भैया ने किया. इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान, शेयर धारक सदस्य और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे. धरने को संबोधित करते हुए विजय राठौर ने आरोप लगाया कि मालवा सहकारी शकर कारखाने की करीब 30.133 हेक्टेयर भूमि, जिसमें किसानों ने लगभग 50 वर्ष पूर्व शेयर लिए थे,

एक नजर ▶ आईटीआई धार में आरबीआई का क्षेत्रीय वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित

# वित्तीय साक्षरता आज के समय की आवश्यकता है : चौधरी

**धार। भारतीय रिज़र्व बैंक, भोपाल द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धार के विद्यार्थियों के लिए क्षेत्रीय स्तरीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन आईटीआई परिसर, जिला धार में किया गया।**

**कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेखा चंदनावेली, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभिषेक चौधरी (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, धार) उपस्थित रहे।**






कार्यक्रम की शुरुआत अग्रणी जिला प्रबंधक श्री बलराम बैरागी द्वारा धार जिले की बैंकिंग प्रणाली की जानकारी के साथ की गई। इस दौरान बैंक अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को बचत के महत्व, साइबर फ्रॉड के प्रकार, डिजिटल लेन-देन में सावधानियां तथा वित्तीय साक्षरता की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वित्तीय साक्षरता आज के समय की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को स्वयं सजग रहने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी वित्तीय एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए जागरूक करना चाहिए।

मुख्य अतिथि सुश्री रेखा चंदनावेली ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि वित्तीय साक्षरता से ही सुरक्षित एवं सशक्त आर्थिक भविष्य का निर्माण संभव है। उन्होंने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, बचत, ऋण, बीमा, केवाईसी तथा विभिन्न प्रकार के वित्तीय फ्रॉड और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। शिविर में अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, चक्रवर्ती ब्याज, साइबर सुरक्षा, बजट एवं निवेश जैसे विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाँच विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक, एमपी ग्रामीण बैंक सहित विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, सीएफएल स्टाफ, आईटीआई धार के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।